दिनांक: 21.07.2025 समय : 07.10PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मॉनसून को बताया नवाचार और नवीकरण का प्रतीक, कहा- देशभर में मौसम की स्थितियां अनुकूल।

- स्कूल शिक्षा विभाग इस वर्ष 15 अगस्त तक चार लाख 30 हजार बच्चों को करेगा साइकल वितरण।

- बैतूल, खंडवा, शिवपुरी, श्योपुर सहित कई जिलों में कल से शुरू होगा स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान।

- सावन के दूसरे सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़, उज्जैन, ओंकारेश्वर में धूमधाम से निकाली गई राजसी सवारी।

- राज्य में तेज बारिश पर ब्रेक, दो दिन की राहत के बाद फिर शुरू होगी बारिश।

**<u>प्रधानमंत्री-मॉनसून सत्र</u>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मॉनसून, नवाचार और नवीकरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देशभर में चल रही मौसम की स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। यह कृषि के लिए लाभकारी होने की संभावना को दर्शाती है। आज संसद सत्र शुरू होने से पहले मीडिया से बात करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष जलाशयों के स्तर पिछले दस वर्षों की तुलना में तिगुना हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यह वृद्धि भारत की अर्थव्यवस्था के लिए लाभकारी होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने आतंकवाद से लेकर नक्सलवाद तक बहुत सी हिंसक चुनौतियों का सामना

किया है लेकिन आज नक्सलवाद और माओवाद का प्रभाव तेजी से कम हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले के लाल गलियारे अब विकास के हरित क्षेत्र में परिवर्तित हो रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि देश के बहुत से जिले आज नक्सलवाद से मुक्त हैं।

श्री मोदी ने कहा कि कई देशों में यूपीआई की लोकप्रियता बढ़ने के साथ डिजिटल भारत विश्व में धूम मचा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि फिन्टेक की दुनिया में यह एक जाना-पहचाना नाम बन चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में दसवें स्थान पर था। उन्होंने आज कहा कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेज गति से आगे की ओर बढ़ रहा है।

आज से शुरू हुआ संसद का मॉनसून सत्र 21 अगस्त तक चलेगा, जिसमें 21 बैठकें होंगी।

**विधायक विश्राम गृह**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में सिंहावलोकन की परंपरा रही है। पिछले अनुभवों की समीक्षा करते हुए भविष्य की कार्य योजना बनाना और उसका क्रियान्वयन सुखद और सफलता प्रदान करने वाला रहता है। यह बात उन्होंने आज भोपाल में नवीन विधायक विश्राम गृह का भूमि-पूजन के दौरान कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने की। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी उपस्थित थे। नवीन विधायक विश्रामगृह लगभग 160 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा, इसमें सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ 102 फ्लैट्स का निर्माण प्रस्तावित है। जो 18 महीने में बनकर तैयार होंगे।

**साइकिल योजना**

स्कूल शिक्षा विभाग इस वर्ष नि:शुल्क साइकिल प्रदाय योजना में 4 लाख 30 हजार बच्चों को नि:शुल्क साइकिल का वितरण करेगा। साइकिल वितरण की शुरूआत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरू पूर्णिमा महोत्सव में भोपाल के शासकीय कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय के सर्व सुविधा युक्त भवन के लोकार्पण समारोह से की थी। आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि प्रदेश में अब तक एक लाख से अधिक बच्चों को उनकी पात्रतानुसार नि:शुल्क साइकिल का वितरण किया जा चुका है।

विभाग ने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पहले सभी पात्र विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिल वितरण के निर्देश दिये हैं। संचालनालय स्तर पर नि:शुल्क साइकिल वितरण की नियमित समीक्षा की जा रही है।

## **ई□ीएफओ - सर्वाधिक वृद्धि**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन-ईपीएफओ से इस वर्ष मई में 20 लाख छह हजार सदस्य जुड़ें हैं। यह अप्रैल 2018 में पेरोल डेटा ट्रैकिंग शुरू होने के बाद से अब तक की सबसे अधिक दर्ज की गई वृद्धि है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने अपने बयान में बताया कि नए सदस्यों में 2 लाख 62 हजार महिलाएँ और 18 से 25 आयु वर्ग के 5 लाख 60 हजार सदस्य शामिल हैं। यह अप्रैल 2025 की तुलना में 4 दशमलव सात-नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि देश के औपचारिक रोजगार परिदृश्य की बढ़ती शक्ति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, व्यापार सुगमता और आर्थिक सशक्तिकरण पर सरकार की प्रतिबद्धता के ठोस परिणाम सामने आ रहे हैं।

## **दस्तक अभियान**

बच्चों में होने वाली बीमारियों की पहचान और उनके त्वरित उपचार के लिए खंडवा जिले में स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान का पहला चरण कल से 16 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के दौरान 5 वर्ष तक के सभी बच्चों में गंभीर कुपोषण, एनीमिया, निमोनिया, डिहाइड्रेशन, जैसी बीमारियों के त्वरित उपचार एवं आवश्यकता अनुसार रेफर करने के साथ साथ विटामिन ए की खुराक भी दी जायेगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अनिल तंतवार ने बताया कि 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में गंभीर एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग की जाएगी तथा उनके हीमोग्लोबिन की डिजिटल जांच की जाएगी। इस जांच के आधार पर प्रोटोकाल अनुसार बच्चों का उपचार किया जायेगा। श्योपुर और बैतूल जिलों में भी कल से 16 सितम्बर तक दस्तक एवं स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जाएगा। शिवपुरी जिले में भी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कल से दस्तक अभियान चलाया जाएगा।

**अटल पेंशन**

अटल पेंशन योजना का लाभ दिलाने के लिए 45 दिनों तक चलाए गए विशेष पंजीयन अभियान में शहडोल जिला देश में 9वें स्थान पर रहा है। इस अभियान में मध्यप्रदेश के 10 जिले देश में टॉप टेन स्थान पर रहे हैं। शहडोल को 1 हजार 936 हितग्राहियों का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध जिले में 3 हजार 445 लोगों का पंजीयन कराया गया है। 178 प्रतिशत उपलब्धि के साथ शहडोल को देश में नौंवा स्थान मिला। शहडोल संभाग के अनूपपुर जिला पांचवें स्थान पर रहा। वहीं उमरिया जिला 6वें स्थान पर रहा है। देश में असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को 60 वर्ष के आयु के बाद एक निश्चित पेंशन राशि प्रदान करने के लिए अटल पेंशन योजना शुरू की गई थी।

**सावन सोमवार**

प्रदेश के शिव मंदिरों में आज सावन के दूसरे सोमवार श्रृद्धालु बड़ी संख्या में दर्शनों

के लिए पहुंचे। उज्जैन में परंपरागत रूप से ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल की दूसरी राजसी सवारी धूमधाम से निकाली गई। बाबा महाकाल रजत पालकी में चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में भक्तों को दर्शन दिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस सवारी में शामिल हुए। सवारी निकाले जाने के पहले भोपाल में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राजसी सवारी से सनातन संस्कृति का मान बढ़ता है।

इस बार सवारी में देश भर के लोक कलाकार भी शामिल हो रहे हैं। प्रदेश के अन्य ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर में भी आज दर्शनों के लिए विशेष प्रबंध किए गए। यहां भगवान ममलेश्वर की सवारी निकाली गई। मंदसौर के पशुपतिनाथ, जबलपुर के गुप्तेश्वर और देवास जिले नेमावर के सिद्देश्वर धाम में भी बड़ी संख्या श्रद्धालु पहुंचे। नर्मदापुरम के हिल स्टेशन पचमढ़ी में जारी नागद्वारी मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

**<u>मौसम</u>**

प्रदेश में तेज बारिश का दौर थम गया है। पिछले 2 दिन से कुछ जिलों में ही हल्की बारिश हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक आज और कल कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। इससे दिन का तापमान बढ़ जाएगा। 23 जुलाई से फिर से भारी बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। विभाग के मुताबिक मानसूनी टर्फ और पश्चिमी विक्षोभ प्रदेश से काफी दूर है, लेकिन जुलाई के आखिरी सप्ताह फिर से प्रदेश तरबतर हो जाएगा। पूर्वी और दक्षिणी हिस्से में तेज बारिश होने का अनुमान है। प्रदेश में अब तक औसत 20.5 इंच बारिश हो चुकी है। 3 जिले- निवाड़ी, टीकमगढ़ और श्योपुर में बारिश का कोटा पूरा हो चुका है। इन जिलों में सामान्य से 15% तक ज्यादा पानी गिर चुका है।

**<u>संक्षिप्त समाचार :</u>**

- एम्स भोपाल के "हॉस्पिटल कॉर्नियल रिट्रीवल प्रोग्राम" के अंतर्गत नेत्र विभाग

ने मध्यप्रदेश की 54 वर्षीय दिवंगत नेत्रदाता, माधुरी विश्वरूप के एक नेत्रदान के माध्यम से दो व्यक्तियों को नई रोशनी प्रदान की।

- नर्मदापुरम जिले की इटारसी नगर पालिका परिषद ने एक महत्वपूर्ण और सार्थक पहल की है। इटारसी में वार्ड वार प्रत्येक रविवार को एक घंटे का सामूहिक श्रमदान किया जाएगा। इसमें उद्यानों की सफाईए पेड़.पौधों की देखभाल और हरियाली को बढ़ावा देने के कार्य शामिल हैं।

- जबलपुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वस्थ यकृत मिशन के अंतर्गत जिले में अब तक 77 हजार से अधिक व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

- खंडवा जिले के पांचो विकासखंड मुख्यालयों पर 28 जुलाई से 1 अगस्त तक रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे।

- नीमच जिले में सभी हाई स्कूल, हायर सेकेण्ड्री विद्यालयों के प्राचार्यों को अकादमिक प्लान तैयार कर उसके अनुरूप अध्यापन कार्य करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

- उमरिया कलेक्टर ने जिले के पर्यटक स्थलों पहाड़ों और झरनों में सैलानियों की सुरक्षा के मद्देनजर दिशानिर्देश बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

- आगरमालवा में आज सरपंच, पटवारी, सचिव एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।